मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-116
08/03/2021

स्कूल की चहारदीवारी गिरने से 6 लोगों की दबकर हुयी मौत पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर मृतकों के आश्रितों को 04–04 लाख रूपये का मिला अनुदान

पटना, 08 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने खगड़िया जिले के महेशखूंट थाना के चंडी टोला गांव में स्कूल की चहारदीवारी गिरने से 6 लोगों की दबकर हुयी मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुये इस हादसे को अत्यंत दुखद बताया है। उन्होंने कहा कि वे इस घटना से मर्माहत हैं।

मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को अविलंब 04–04 लाख रूपये का अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया था जिसके आलोक में जिलाधिकारी, खगड़िया द्वारा सभी मृतकों के निकटतम आश्रित को 04–04 लाख रूपये का चेक उपलब्ध करा दिया गया है।

******